भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1765
सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तीर्थ नगरों का विकास

1765. श्रीमती हेमामालिनी:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार किसी विशेष कार्ययोजना के अंतर्गत देश के प्रमुख तीर्थ नगरों का विकास कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त विशेष कार्ययोजना के अंतर्गत मथुरा सहित उत्तर प्रदेश के अनेक शहरों का विकास किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी हां, महोदय। पर्यटन मंत्रालय अपनी तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन योजना (प्रशाद) के अंतर्गत पूरे देश में पहले से चिह्नित गंतव्यों में तीर्थयात्रा और/अथवा विरासत पर्यटन अवसंरचना के सृजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह भारत सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्तपोषित केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है। इस योजना के अंतर्गत गंतव्यों की पहचान और परियोजनाओं का अनुमोदन एक सतत प्रक्रिया है जो सम्बन्धित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से योजना दिशा-निर्देशों के अनुरूप उपयुक्त परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर शुरू की जाती है।

(ग) और (घ): उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर योजना के तहत इस राज्य के लिए कुल छह परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है जो अनुबंध में सूचीबद्ध हैं।

*****

अनुबंध

तीर्थ नगरों का विकास के सम्बन्ध में दिनांक 13.02.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1765 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में विवरण

			करोड़ रु.		
क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	परियोजना लागत	जारी की गई राशि	स्थिति
1.	मेगा टूरिस्ट परिपथ के रूप में मथुरा - वृंदावन का विकास (चरण II)	2014-15	10.98	10.98	पूर्ण
2.	वृंदावन मथुरा जिले में पर्यटक सूचना केन्द्र का निर्माण	2014-15	9.36	9.36	पूर्ण
3.	वाराणसी का विकास- चरण-I	2015-16	20.40	16.32	पूर्ण
4.	गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन	2017-18	9.02	9.02	पूर्ण
5.	प्रशाद योजना - चरण II के अंतर्गत वाराणसी का विकास	2017-18	44.60	31.77	पूर्ण
6.	गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2018-19	39.74	30.97	>90%

*****